भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **2103** जिसका उत्तर

शुक्रवार, **29 जुलाई**, 2022/07 श्रावण, 1944 (शक) को दिया जाना है

सागरमाला युवा पेशेवर परियोजना

†2103. **श्री सी. आर. पाटिल :**
श्री कृपानाथ मल्लाह :
श्री संगम लाल गुप्ता :
श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी :
श्री पी. पी. चौधरी :
डॉ. रमापति राम त्रिपाठी :
श्री बृजभूषण शरण सिंह :
श्री महेंद्र सिंह सोलंकी :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार देश भर में सागरमाला युवा पेशेवर योजना शुरू करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत आबंटित निधि और प्राप्त किए जाने वाले संभावित लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इसमें कुल कितने राज्यों को कवर किए जाने की संभावना है और गुजरात, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, मध्य प्रदेश और राजस्थान सहित प्रत्येक राज्य से कितने विद्यार्थियों को पंजीकृत किया गया है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): जी, हां। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने मंत्रालय के विभिन्न प्रभागों में प्रतिभाशाली, प्रगतिशील दृष्टिकोण वाले और तेज-तर्रार युवा पेशेवरों की नियुक्ति हेतु योजना तैयार की है। इस योजना के अंतर्गत युवा पेशेवरों को सक्रिय रूप से जमीनी और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। इन युवा पेशेवरों को सरकार के कार्यकरण के साथ-साथ विकास संबंधी नीतिगत विषयों के बारे में भी ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

(ग) और (घ): यह योजना, निर्णय लेने की प्रक्रिया में युवा पेशेवरों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करेगी। शुरुआत में, इस योजना के तहत 25 से अधिक युवा पेशेवरों को मंत्रालय के वेब-पोर्टल और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के राष्ट्रीय कैरियर सेवा पोर्टल के माध्यम से नियुक्त किया जाएगा।

*****